# युवाओं के कौशल की ताकत से भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : मोदी

## पीएम ने गांधीनगर में रोजगार मेले को किया संबोधित, कहा-कौशल विकास का लाभ हर वर्ग को

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में बन रहीं नई संभावनाओं के लिए बड़े पैमाने पर कुशल मानव संसाधन तैयार करने की जरूरत है। युवाओं के कौशल की ताकत से ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। हमारी कोशिश है कि कौशल विकास का फायदा समाज के हर वर्ग को मिले। इसमें हमारे दलित, आदिवासी भाई-बहन हों, हमारा वंचित वर्ग हो, हमारी माताएं-बहनें हों, सभी को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा। इसी को ध्यान में रखकर युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात सरकार की ओर से गांधीनगर में महात्मा गांधी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान प्रदेश में करीब 1.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा कि पीएम कौशल विकास योजना के तहत देश में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनेंगे। यहां युवाओं को नए युग की तकनीक के जरिये प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के जरिये छोटे कारीगरों को प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें एमएसएमई से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के जरिये छोटे व्यवसायों से जुड़े लोगों को वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। हम बदलती हुई नौकरी की प्रकृति के लिए भी अपने युवाओं को लगातार तैयार कर रहे हैं।



रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते पीएम। एजेंसी

### हर राज्य में बनेंगे यूनिटी मॉल

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा सारा ध्यान रोजगार सृजन के हर उस अवसर को विकसित करने पर भी है जिस पर दुर्भाग्य से आजादी के बाद जितना ध्यान देना चाहिए था, उतना नहीं दिया गया। बजट में 50 नए पर्यटन केंद्र विकसित करने की घोषणा की गई है। जैसे केवड़िया-एकता नगर में यूनिटी मॉल है, वैसे ही हर राज्य में यूनिटी मॉल तैयार करने का एलान किया गया है। इनमें देशभर के यूनिक उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। इन प्रयासों से लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। इसके अलावा एकलव्य स्कूल में भी करीब 40 हजार शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।

## अस्पतालों को आग, बच्चों को लू से बचाने की हो पूरी तैयारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचंड गर्मी की आशंका को देखते हुए अस्पतालों को आग और बच्चों को लू से बचाने की तैयारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही, मौसम विभाग के अधिकारियों से आसान भाषा में पूर्वानुमान उपलब्ध कराने को कहा है। पीएम मोदी ने गर्मियों के मौसम की तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने भारतीय खाद्य निगम को प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए अनाज का जरूरी भंडारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। वहीं, कृषि मंत्रालय के

**गर्मी से निपटने के लिए पीएम मोदी ने की बैठक, दिए निर्देश...**

अधिकारियों से रबी फसल पर मौसम के प्रभाव और अनुमानित उपज के बारे में जाना। सिंचाई, जल आपूर्ति, चारा व पेयजल की निगरानी के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की। पीएम ने स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों से गर्मी की वजह से पैदा होने वाली आपात स्थिति के लिए तैयारियों की जानकारी मांगी। साथ ही, राज्यों की तैयारियों व अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### ये भी दिए निर्देश

- गर्मी को लेकर बच्चों को संवेदनशील बनाने के लिए स्कूलों में मल्टीमीडिया सत्र हों।
- जिंगल्स, फिल्म, पैम्फलेट के रूप में जारी हो क्या करें-क्या न करें के प्रोटोकॉल।
- सभी अस्पतालों का विस्तृत फायर ऑडिट, मॉक फायर ड्रिल हो।
- जंगल की आग से निपटने के लिए समन्वित प्रयास, प्रणालीगत बदलाव पर जोर।